




### एक नजर में

## अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में मयंक ने जीता गोल्ड मेडल

**777.5 सर्वाधिक वजन लिफ्ट कर स्थापित किया नया कीर्तिमान**




**उज्जैन।** हिमेजी (जापान) में 5 से 14 जुलाई तक आयोजित एशिया-अफ्रीका पेसिफिक अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में उज्जैन के मयंक जोशी ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर जीत का परचम लहराया।संस्था के सहसचिव आनंद सोलंकी व अनिल चावंड द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि चैंपियनशिप में मयंक ने स्क्वाड 320, बेंच प्रेस 157.5 डेडलिफ्ट 300 कुल 777.5 का सर्वाधिक टोटल देकर स्क्वाड में गोल्ड मेडल अर्जित किया। उज्जैन के इतिहास में प्रथम बार मयंक जोशी ने सीनियर वर्ग में गोल्ड मेडल अर्जित कर मध्य प्रदेश व भारत का नाम पूरे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवांवित किया है। मध्यप्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के संरक्षक प्रेमसिंह यादव, शैलेंद्र व्यास, अध्यक्ष जय सिंह यादव, उपाध्यक्ष शोएब कुरैशी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र मालवीय, लीगल एडवाइजर अभिषेक सिंह राठौड़, परवेज मोहम्मद द्वारा संयुक्त रूप से मयंक जोशी का पुष्प वर्षा, पुष्प माला पहनकर विशिष्ट खेल अभिनंदन किया गया। संस्था प्रमुख बलराम यादव, अरविंद शुक्ला, अजय यादव, उमेश पवार, सज्जाद हुसैन, लखन पोरवाल, विकास जादौन, बॉडीबिल्डर अफराज खान, अभिषेक शर्मा, यश यादव आदि द्वारा शुभकामनाएं बधाई दी गई। उपरोक्त जानकारी सचिव कमल नंदवाना द्वारा दी गई।

## स्वास्तिक पीठ पर लगा स्वास्थ्य शिविर, 200 भक्तों का हुआ परीक्षण

**संस्कारों की शिक्षा लेनी होगी, अन्यथा पैसा कमाने की मशीन बनकर रह जाएंगे- डॉ अवधेश पुरी महाराज**



**उज्जैन।** स्वास्तिक पीठ मक्सी रोड पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में शिष्य एवं भक्तों ने गुरूदेव डॉ अवधेश पुरी महाराज एवं गुरू मां डॉ. विद्या पुरी का पाद पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भक्तों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए लोटस हॉस्पिटल उज्जैन के तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में 200 भक्तों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। आयोजन में नगर के गणमान्यजनों के साथ उज्जैन व प्रदेश के अलावा अन्य प्रातों के भक्तों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महाराजश्री ने प्रदेश सरकार द्वारा स्कूल, कालेजों में विद्यार्थियों द्वारा गुरु पूजन कराए जाने वाले कार्यक्रम की प्रशंसा की। आपने कहा कि जब तक देश का युवा अपनी संस्कृति और परंपराओं के महत्व को नहीं समझेगा तब तक वह पाश्चात्य संस्कृति की ओर से मुड़ नहीं सकता। युवाओं को सुखी जीवन जीने के लिए अपने धर्म ग्रंथो एवं गुरुओं के मार्गदर्शन में संस्कारों के साथ शिक्षा लेनी होगी तभी वह मनुष्य बन सकते हैं अन्यथा पैसा कमाने की एक मशीन बनकर रह जाएंगे।



## सावन मास के प्रथम सोमवार को नीलकंठेश्वर का आकर्षक श्रृंगार

**खाचरौद।** सावन मास के प्रथम सोमवार को नगर के अति प्राचीन श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर तालाब की पाल पर भूतभावन भोलेनाथ का स्थित आकर्षक श्रृंगार भगवान श्री गणेश की आकृति के रूप में किया गया।

## 1300 मातृशक्तियों को कराई 84 महादेव की नि :शुल्क यात्रा



**उज्जैन।** श्रावण मास के प्रथम रविवार से 84 महादेव की नि:शुल्क यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा आरंभ करने के पूर्व नानाखेडा से विशाल चल समारोह निकला जो टावर पहुंचा यहां से बसों से यात्रा का पहला पड़ाव पूर्ण हुआ।

यात्रा संयोजक ललित लुल्ला ने बताया कि शशांक चंदेरिया की अगुवाई में प्रारंभ हुई यात्रा में वरिष्ठ समाज सेवी नारायण यादव, यात्रा के प्रेरणा स्त्रोत महेश परयानी एवं सांसद अनिल फिरोजिया, निगम सभापति कलावती यादव, समाजसेवी रवि सोलंकी, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल बलवानी मुख्य रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर विशेष रूप से महामंडलेश्वर शैलेषानंद महाराज, महामंडलेश्वर भगवान बापूजी, महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा माता सतीनंद गिरी, गिरीश गुरु मित्रवृन्दाधाम उज्जैन का सानिध्य प्राप्त हुआ।

आगामी 4 रविवार पर प्रत्येक रविवार को सुबह 8 बजे टावर चौक से नि:शुल्क यात्रा चौरासी महादेव के लिए रवाना होकर, शेष चार पडाव पूर्ण करेगी। इस अवसर पर जमना यादव, ओम यादव, लोकेश आडवाणी, श्याम माहेश्वरी, नीतिन वासवसानी, किशोर चंदनानी, सोनू वासवानी, हितेश तिवारी, दीपक पांचाल, महेन्द्र कटियार, पं. दीपक शर्मा, अमरदीप शर्मा, आकाश सोनी, नीतिन राठौर आदि का भरपूर सहयोग मिला। यात्रा में विभिन्न संस्थाओ के प्रतिनिधिगणो 'ने भाग लिया जिसमें प्रजापति समाज, राठौर समाज, सोनी समाज, सिंधी समाज, आदि का सहयोग रहा।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर युवाओं को अपने कौशल को निखारने हेतु किया प्रेरित

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन



**उज्जैन। 10 म.प्र. बटालियन एन.सी.सी. द्वारा एमआईटी महाविद्यालय उज्जैन में आयोजित एन.सी.सी. कैम्प में सोशल सर्विस एंड कम्युनिटी डेवलपमेंट एक्टिविटी के अंतर्गत विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कैम्प कमांडेंट कर्नल जी.पी. चौधरी (सेना मेडल) द्वारा युवाओं के कौशल विकास के महत्व को रेखांकित कर इस वर्ष की थीम कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त कर कैडेट्स को अपनी रुचि अनुसार अपने कौशल को निखारने हेतु प्रेरित किया।**

एमआईटी महाविद्यालय के प्रो. योगेन्द्र ने फार्मेसी के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। प्रो. रूचिका पचौरी एवं प्रो. बलराम यादव ने आईटी एवं तकनीकी शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

मेकेनिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष मुकेश शिंदे ने युवाओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने और देशहित में उपयोग करने का आह्वान किया। संस्थान के डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. केवी शर्मा ने महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय देते हुए सभी कैडेट्स को मार्गदर्शन प्रदान किया।

एमआईएम के डायरेक्टर ऋषि दुबे ने कैडेट्स को करियर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कैप्टन डॉ. कानिया मेड़ा ने युवा शक्ति पर प्रेरणादायक आपने विचार प्रस्तुत किये आपने बताया कि 15 जुलाई 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। मेजर डॉ. मोहन निमोले ने युवा पीढ़ी की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है।

तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देकर अपने कौशल को बेहतर निखार सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन लैफ्टिनेंट सौरभ मिश्रा द्वारा कर आभार कैप्टन डॉ. सरोज रत्नाकर द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर सूबेदार बलविंदर सिंह, ट्रेनिंग जेसीओ सुबेदार दलजीत सिंह, लेफ्टिनेंट मदन सोलंकी, नायक सूबेदार गुरप्रीत सिंह, कुलवीर सिंह, बीएचएम अमरदीप सिंह, हवलदार निर्मल सिंह, सोहन सिंह, सेकंड ऑफिसर दीपेश, सेकंड ऑफिसर तालिब हुसैन, थर्ड ऑफिसर आरती बकोरे, सीटीओ जितेंद्र पंचोली, जीसीआई जया चौहान, निवेदिता ठाकुर सहित एनसीसी कैडेट्स उपस्थिति रहे।



## श्री सिंथेटिक्स कर्मचारियों की बैठक सम्पन्न

**उज्जैन।** श्री सिंथेटिक्स संयुक्त मोर्चा एवं क्रेडिट को-आपरेटिव के संचालक प्रकाश सोलंकी की अध्यक्षता में स्थानीय शहीद पार्क पर आज बैठक सम्पन्न हुई। 10 जुलाई को कोलकाता उच्च न्यायालय की प्रोसीडिंग के बारे में श्रमिकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी एवं अगली दिनांक 11 सितंबर को कोलकाता उच्च न्यायालय में पैरवी करने हेतु इंदौर उच्च न्यायालय के अधिवक्ता को नियुक्त करने के लिए एवं कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए प्रकाश सोलंकी को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया। बैठक का संचालन शिवाजीराव शिन्दे ने किया एवं आभार शीतलप्रसाद राठौर ने माना। इस अवसर पर रामचन्द्र चौधरी, राजेश समेले,

# नशे से दूरी जरूरी पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

**घट्टिया । प्रदेश स्तरीय नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत के पुलिस थाना द्वारा थाना प्रभारी करण खोवाल के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, इसके अंतर्गत मंगलवार को सांदीपनि सीएम राइस शासकीय स्कूल एवं मॉडल स्कूल में पुलिस द्वारा छात्र - छात्राओं एवं शिक्षकों को नशे की लत से दूर रहने के लिए एवं नशे से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई ।**



उप निरीक्षक अलकेश डांगे ने नशे के दुष्परिणाम बताते हुए नशा एक अभिशाप है नशे को छोड़कर जीवन से नाता जोड़ों जो नशे को हरायेगा वही सच्चा वीर कहलायेगा। साथ ही उन्होंने नशे की लत के लक्षण एवं नशे से होने वाले दुष्परिणामों घर में परिवार में लड़ाई झगड़े के साथ आर्थिक संकटों का भी सामना करना पड़ता है । बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थी

## श्री शांतिनाथ मंदिर में साधार्मिक भक्ति विषय पर प्रवचन



**उज्जैन। श्री शांतिनाथ जी मंदिर छोटा सराफा में विराजित साध्वी डॉ. नीलांजना के प्रवचन रविवार को साधार्मिक भक्ति विषय पर साध्वी ने व्यक्त किये। समाजजनों ने बड़ी संख्या में सहभगिता कर धर्म लाभ लिया।**

जिनवाणी का श्रवण किया गुरुवर्या ने अपने प्रवचन में बताया कि साधार्मिक भक्ति से व्यक्ति सम्यकत्व प्राप्त कर सकता है और तीर्थंकर नाम कर्म निकाचित कर सकता है और जो नवकार महामंत्र को मानने वाला हो, अहिंसा धर्म को मानने वाला हो, जो सुगुरू, सुदेव, सुधर्म, को मानने वाला हो, उस व्यक्ति की यथा संभव सहायता उसके उत्थान के लिए करना यही सच्ची साधर्मी भक्ति होती है। मंगलवार से परमात्मा की अंतिम वाणी जिसमें गुम्फित है। ऐसे उत्तराध्यन सूत्र की वंचना 15 जुलाई मंगलवार तिथि पंचमी से 31 दिवसीय जिनदत्त सूरी तप आराधना प्रारंभ होगी। श्री अंवित पार्श्वनाथ तीर्थ जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक मारवाड़ी समाज ने अधिक से अधिक संख्या में आराधना करने का अनुरोध किया।

## मांगों के समर्थन में सीएम को स्मरण हेतु पोस्टकार्ड लिखे



**महिदपुर।** म.प्र. श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया की अध्यक्षता में दो दिवसीय त्रिवार्षिक प्रांतीय महाधिवेशन 26 मार्च को मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि एवं मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर विशेष रूप से उपस्थित रहे थे। उसी महा अधिवेशन में हमारे प्रांताध्यक्ष ने 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन हम सब की ओर से मुख्यमंत्री को सौंपा था। जिस पर मुख्यमंत्री ने मंच से हमें आश्वासन दिया था कि में शीघ्र ही मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया एवं उच्च अधिकारियों के साथ बैठकर इन मांगों मैं जो अच्छा सा अच्छा हो सकेगा करूंगा। परंतु 3 महीने बीत चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कुछ नहीं किया। उनको स्मरण दिलाने के लिए प्रांताध्यक्ष के निर्देश पर सभी जिला एवं ब्लाक इकाइयों द्वारा 15 जुलाई मंगलवार को एक साथ सभी जिला एवं ब्लाक मुख्यालय में मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया। इसी अभियान के तहत महिदपुर ब्लाक इकाई द्वारा भी उक्त छः सूत्रीय मांगों को लेकर पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत की गई। छः सूत्रीय मांगों में 1. पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करें। 2. मालवीय नगर स्थित पत्रकार भवन, जिसे दुर्भावना वश शासन द्वारा ध्वस्त कर दिया था हमें वापस दिया जाए। 3. श्रद्धा निधि के नियमों से अधिमान्यता की शर्त हटा दी जाए और उसे जीवन पर्यन्त जारी रखा जाए। 4. सभी जिलों में पत्रकार भवन हेतु नि:शुल्क भूमि उपलब्ध कराई जाए। 5- टोल टैक्स में रियायत के लिए हमार सदस्यता कार्ड को मान्यता दी जाए। 6. पत्रकार बीमा योजना को उ. प्र. सरकार की तरह नि:शुल्क योजना की तरह लागू की जाए। उक्त अभियान की शुरुआत के अवसर पर म. प्र.श्रमजीवी पत्रकार संघ महिदपुर ब्लाक इकाई के वरिष्ठ पत्रकार सदस्य जवाहर डोसी पीयूष, अरुण बुरड़, लोकेश सूर्यवंशी, विशाल शर्मा, रामेश्वर मालवीय, जितेन्द्र जैन प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# एल आई सी में मना गुरु पूर्णिमा उत्सव

### निगम के बीमा गुरुओं के साथ कवि, भागवत व्याख्याकार, शिक्षक का किया अभिनन्दन

**उज्जैन।** गुरु पूर्णिमा की श्रखला के अंतर्गत जीवन बीमा निगम शा. क्र. एक में गुरु पूर्णिमा पर्व पर निगम के बीमा गुरुओं (विकास अधिकारियों) के अलावा कवि और भागवत व्याख्याकार अशोक नागर एवं कवि एवं शिक्षक राजेन्द्र जैन का अभिनन्दन किया गया।



इस अवसर पर जीवन बीमा निगम के शाखा प्रबंधक राजेश शर्मा, सहायक शाखा प्रबंधक रामनिवास यादव ने प्रेरक उद्बोधन दिया। कवियों ने कविताओं से गुदगुदाया। कार्यक्रम में कवि अशोक भाटी, बाबूलाल मुंदडा, नितिन सेठिया, बी एल सोलंकी, पंकज जोशी, सुनील शर्मा, प्रमोद जैन, दिनेश पाटीदार उपस्थिति रहें। सफल संचालन मनोज सुराना ने किया।

## श्री सर्वेश्वर महादेव का हुआ भांग, मावे से विशेष श्रृंगार

**श्रावण के प्रथम सोमवार को किया अभिषेक पूजन, महाआरती**

उज्जैन। गुरु सांदीपनि तपस्थली महर्षि सांदीपनि आश्रम में स्वयंभू श्री सर्वेश्वर महादेव का श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भांग एवं मावे से विशेष श्रृंगार किया गया। पुजारी पं. राहुल व्यास के अनुसार श्रावण मास के प्रथम सोमवार को महादेव का पूजन अभिषेक कर महाआरती की। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने श्री सर्वेश्वर महादेव के दर्शन पूजन किया।



**जन्मदिन** | **सामूहिक कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए और अहिंसा, करुणा और सद्भाव के उनके स्थायी संदेश के लिए था**

# 14वें दलाई लामा के 90वें जन्मदिन पर दिया बुद्ध की शिक्षा-एकता का संदेश

**उज्जैन।** दिल्ली में 14वें दलाई लामा का 90वां जन्मदिन मनाया गया। जिसमें उज्जैन सहित दिल्ली, झांसी, ललितपुर, भारत एवं विदेश में कार्य कर रहे विपश्यना विशेषज्ञय बौद्ध भिक्खु डॉ. सुमेध थेरो को विशेष रूप से आंमंत्रित किया गया।

बौद्ध भिक्खु डॉ सुमेध थेरो ने बताया कि उज्जैन बुद्धिस्ट सोसाइटी, विशाखा संघ द्वारा दिल्ली, सुमेध भूमि बुद्ध विहार कम्बोडिया, वियतनाम, श्रीलंका के साथ मिलकर शीघ्र ही उज्जैन में धम्म का कार्य करेगी।




यह विशेष कार्यक्रम दलाई लामा के मानवता के प्रति दुर्लभ और गहन योगदान के एक दार्शनिक, शिक्षक, वैज्ञानिक, मार्गदर्शक और शांति और करुणा के चैंपियन के रूप में था। सामूहिक कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए और अहिंसा, करुणा और सद्भाव के उनके स्थायी संदेश के लिए था। जो इस समय में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मामलों में बहुत ही प्रासंगिक है। देश विदेश के बौद्ध भिक्खुओं और विद्वानों को आमंत्रित किया गया था। दलाई लामा अभी 90 वर्ष के हो गये हैं अत: उत्तराधिकारी की तलाश एवं घोषणा होनी है। अभी उन्होने 30 से 40 वर्ष और जीने की इच्छा व्यक्त की है अत: 15वें दलाई लामा की तलाश एवं घोषणा होने में समय लेगेगा। 1989 में दलाई लामा को शांन्ति के लिये नोवल पुरूष्कार दिया गया है। अपने प्रवचन तथा विभिन्न प्रचार माध्यम पर दिये इन्टरव्यू में कम्बोडिया के भिक्खु डॉ. योन सैंग ईथ, भिक्खु डॉ. सुमेध थेरो, तिब्बत के पूर्व प्रधानमंत्री सैम दोंग रिनपोंचे, इन्डोनेशिया के डॉ. रामजीवन पुत्र, तिब्बत हाऊस के निदेशक घेसे दोर्जे दाममदुल, वाशिंगटन अमेरिका के सियोन रामोन, प्रो. शिशिर रोय के प्रवचन हुए। कम्बोडिया के भिक्खु रिन रैन, दिल्ली के उपासक डॉ. प्रेमराज खानखाने, जापान के भिक्खु सिन्नी आवे, म्यामार के भिक्खु डॉ. पंयाथमी थेरो, यूगांडा के भिक्खु बुद्ध रक्षित महाथेरो, पूना के लामा आनन्द, मुम्बई के भिक्खु वी रतनथेरो, भिक्खु डॉ राहुल बोधी महाथेरो, बुद्धगया के पंरज्ञादीप महाथेरो, अभिजीत हलधर, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के महासचिव एसकेजे कोडिन रिनपोचे ने सभी का स्वागत किया। वैशाली सरकार, तिब्बत के अनेक लामाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। हॉलीबुड स्टार रिचर्ड गेरे ने आन लाइन सम्बोधित किया। श्रीलंका के भिक्खु डॉ डब्लू एम महेन्द्रवंश ने मोमेन्टो प्रदान किये। बंगलौर की महाबोधी सोसाइटी के सचिव डॉ आनन्द महाथेरो ने अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) सहित सभी का आभार व्यक्त किया।

सभी की मंगल कामनाओं के लिये, जापान, कोरिया, वियतनाम, श्रीलंका, भारत के बौद्ध भिक्खुओं ने दिल्ली के भिक्खु करूना बोधि आदि ने विशेष प्रार्थना, महामंगलगाथा सुत्त पाठ किया।